# खाली प्लॉट चिह्नित कर दोबारा होगा आवंटन

## मंडल उद्योग बंधु की बैठक में मंडलायुक्त ने की पहल, पहली बार ज्यादातर क्षेत्रों से पहुंचे उद्यमी

माई सिटी रिपोर्टर

**लखनऊ।** मंडल में यूपीसीडा के खाली पड़े प्लॉटों को चिह्नित कर उनके दोबारा आवंटन पर विचार किया जाएगा। यह औद्योगिक विकास में मदद करेगा, क्योंकि कई उद्यमी उद्योग लगाना चाहते हैं। इससे उनके लिए जमीन की उपलब्धता सुनिश्चित की जा सकती है।

ये निर्देश मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब ने शुक्रवार को मंडल उद्योग बंधु की बैठक में दिए। उद्योग बंधु की बैठकों से उद्यमियों के मोहभंग का मुद्दा अमर उजाला में उठाए जाने के बाद पिछली बैठक में मंडलायुक्त ने हर क्षेत्र से उद्यमियों से बैठक में उपस्थिति दर्ज कराने को कहा था, जिसका असर दिखा और इस बार मंडल के ज्यादातर इलाकों से उद्यमी पहुंचे।

**बैठक से पहले दुरुस्त की गईं अमौसी-सरोजनीनगर की लाइटें :** बैठक शुक्रवार को होनी थी, इसे देखते हुए बुधवार रात से ही सरोजनीनगर में मार्ग प्रकाश की व्यवस्थाएं दुरुस्त की जाने लगीं।

उद्यमी रितेश श्रीवास्तव ने कहा कि बैठक में दिखाने को ही सही, पर लाइटें सही तो की गईं। वहीं, उद्यमी रजत मेहरा ने बताया कि पहली बार अमौसी क्षेत्र में सभी स्ट्रीट लाइटें एक साथ जल उठीं।



उद्योग बंधु की बैठक में उद्यमियों की समस्याओं पर चर्चा करतीं मंडलायुक्त। -संवाद

### सड़क बनाने में पीडब्ल्यूडी की बहानेबाजी जारी

रजत मेहरा ने बताया कि पीडब्ल्यूडी ने अमौसी औद्योगिक क्षेत्र से पुरी-सुनहरा की ग्रामीण सड़क बनाने के स्थान पर नया विकल्प प्रस्तुत किया। उसने अगली बैठक से पहले कान्हा उपवन- टीएस मिश्रा अस्पताल से औद्योगिक क्षेत्र को जोड़ने के लिए नई सड़क बनाने की बात कही है। बीती बैठकों में कभी बजट, कभी डीपीआर का बहाना बना रहे पीडब्ल्यूडी अधिकारी नए विकल्प का नया बहाना ढूंढ लाए।

### जलभराव की समस्या पर हुई चर्चा

- बैठक में औद्योगिक क्षेत्र अमौसी, सरोजनीनगर एवं बंथरा स्थित औद्योगिक इकाइयों में जलभराव की समस्या पर चर्चा हुई। इस पर एनएचआई ने बताया कि कानपुर एक्सप्रेसवे की डीपीआर में एक्सप्रेस-वे के दोनों तरफ जल निकासी के लिए ड्रेन की व्यवस्था की गई है। इसके तहत चौड़ी नाली का निर्माण किया जाना है। राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे प्रस्तावित नाली के निर्माण के लिए ग्राम-फरुखाबाद, दिल्लायां (नादरगंज) में भूमि का अर्जन किया जा चुका है। इससे संबंधित धनराशि का अनुमोदन हो चुका है। प्रशासन के स्तर से संपत्तियों को हटाए जाने के बाद नाले की खुदाई का कार्य शुरू होगा।

### सड़क का होगा चौड़ीकरण

बैठक में अमौसी औद्योगिक क्षेत्र में सड़कों के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण के संबंध में क्षेत्रीय प्रबंधक यूपीसीडा ने बताया कि औद्योगिक क्षेत्र अमौसी का अटल मिशन फेज-2 के तहत सुदृढ़ीकरण एवं सौंदर्यीकरण होना है। इसके लिए अनुमानित 4930.54 लाख की स्वीकृति प्राप्त हो गई है। बजट के लिए शासन के अवस्थापना अनुभाग में कार्यवाही जारी है।

### उद्यमी ने यूपीसीडा पर लगाए आरोप

- बैठक में मोहान होटल के मालिक अरुण अग्रवाल ने यूपीसीडा पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने बताया कि वर्ष 2014 में यूपीसीडा से 23 हजार वर्ग मीटर का प्लाट संडीला में अलॉट हुआ था, जिसपर अवैध कब्जा था। मुझे इसकी जानकारी नहीं दी गई थी और लोकेशन कोई और बताई गई थी। कड़ी मशक्कत के बाद कुछ कब्जा खाली कराया। बावजूद इसके यूपीसीडा रजिस्ट्री नहीं कर रहा है। यही नहीं, यूपीसीडा नौ साल का ब्याज मांगा जा रहा है। इसपर मंडलायुक्त ने नाराजगी जताते हुए यूपीसीडा के अफसरों को मामले के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए।

### जमीन की अदला-बदली में यूपीसीडा करेगा मदद

**लखनऊ।** यूपीसीडा में शुक्रवार को आयोजित समाधान दिवस में ग्राम समाज की भूमि की अदला-बदली (विनिमय) का मुद्दा छाया रहा। उद्यमियों ने इसको लेकर अधिकारियों से उचित कदम उठाए जाने की मांग की। समाधान दिवस में अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी शशांक त्रिपाठी उद्यमियों की शिकायत सुन रहे थे। इस दौरान अलग-अलग समस्याएं लेकर पहुंचे उद्यमियों ने सबसे पहले ग्राम समाज की भूमि की अदला-बदली को आसान करने के लिए कहा। बताया कि भूमि के विनिमय में देरी की वजह से काफी समय बर्बाद हो जाता है। इसपर कार्यपालक अधिकारी ने भरोसा दिलाया कि भूमि के विनिमय समेत तहसील के सभी कामों में यूपीसीडा मदद करेगा। वहीं, वास्तुविदों ने बताया कि उनके सवालों का उत्तर नहीं मिलता है। इसपर अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने वास्तुविदों के साथ समय-समय पर ऑनलाइन मीटिंग करने का आश्वासन दिया। इस मौके पर परियोजना अधिकारी बृजेश कुमार कश्यप, बीएन श्रीवास्तव, सुनील जैली, संजय कुमार गुप्ता मौजूद रहे। (संवाद)